PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Wed, 21 Jun 2017, Page 1
Width: 32.83 cms, Height: 20.07 cms, a3r, Ref: 35.2017-06-21.6

GST का डंका 30 की आधी रात बजेगा

इस क्रांतिकारी बदलाव की शुरुआत 1 जुलाई की तड़के होगी। *–अरुण जेटली, वित्त मंत्री*

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

गुड्स एंड सर्विस टैक्स (GST) का ऐलान संसद के सेंट्रल हॉल में 30 जून की देर रात 12 बजे बाकायदा डंका बजाकर किया जाएगा। इसके साथ ही देश में जीएसटी लागू हो जाएगा। 15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हुआ था, तब भी आधी रात को सेंट्रल हाल में इसी तरह का कार्यक्रम हुआ था।

PTI

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मंगलवार को बताया कि सरकार पहले से कहती आ रही है कि यह 1 जुलाई से लागू हो जाएगा। ऐसे में अब कोई यह नहीं कह सकता कि वह तैयार नहीं है। काफी वक्त तैयारी के लिए दिया जा चुका है। उन्होंने साफ किया कि जीएसटी में मुनाफाखोरी विरोधी प्रावधान डराने के लिए है, इसका तब तक इस्तेमाल का इरादा नहीं है जब तक कि इसकी मजबूरी न हो जाए। जेटली ने बताया कि कार्यक्रम 30 जून की रात 11 बजे से शुरू होगा। इसे राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह, एचडी देवगौड़ा के अलावा विपक्षी पार्टियों के नेता भी मौजूद रहेंगे।